भूमि अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 के अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर जारी अधिसूचना/नियम/परिपत्र

अनुक्रमणिका

भूमि अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 अंतर्गत समय–समय पर जारी अधिसूचनाएं

क्रमांक	भूमि अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन की धारा	विभागीय क्रमांक	राजपत्र दिनांक पृष्ठ क्रमांक	पृष्ठ क्रमांक
1.	धारा 3 के खण्ड (ङ) के परन्तुक अनुसार किसी जिले में दस हजार से अनधिक किसी क्षेत्र के लिये किसी लोक प्रयोजन हेतु इस अधिनियम के प्रयोजन के लिये कलेक्टर समुचित सरकार है	क. एफ 16–15–(1)–2014–सात–शा.2ए दिनांक 29 सितम्बर, 2014	3 अक्टूबर, 2014 भाग 1 2893	1
2.	(1) धारा 3 के खण्ड (झ) के उपखण्ड (vi) (अ) अनुसार भूमि अर्जन के लिए प्रतिकर की लागत का पांच प्रतिशत प्रशासनिक व्यय के रूप में प्रभारित किया जाएगा	क. एफ 16–15–(2)–2014–सात–शा.2ए दिनांक 29 सितम्बर, 2014	3 अक्टूबर, 2014 भाग 1 2893	1
	(2) धारा 3 के खण्ड (झ) के उपखण्ड (vi) (अ) द्वारा दिनांक 03 अक्टूबर, 2014 में प्रकाशित अधिसूचना को अधिक्रमित करते हुए निम्नानुसार प्रशासनिक व्यय प्रभारित करती है:– 1. राज्य शासन और भारत सरकार के समस्त विभाग तथा भारत सरकार एवं राज्य सरकार के समस्त उपक्रम– प्रतिकर की लागत का ढाई प्रतिशत 2. पूर्वोक्त से भिन्न– प्रतिकर की लागत का पांच प्रतिशत	(संशोधन)क. एफ 16–52–2018–सात–शा.2 दिनांक 20 मार्च, 2019 (16–15–(2)–2014–सात–शा.2ए दिनांक 29 सितम्बर, 2014 अतिष्ठित)	29 मार्च, 2019 भाग 1 2094	7
3.	धारा 3 के खण्ड (थ) के उपखण्ड (दो) अनुसार "भूमिहीन" का वही अर्थ होगा जो कि मध्यप्रदेश भू–राजस्व संहिता, 1959 की धारा 2 की उपधारा (1) के खंड (ठ) में उसके लिए समनुदेशित है	क. एफ 16–15–(3)–2014–सात–शा.2ए दिनांक 29 सितम्बर, 2014	3 अक्टूबर, 2014 भाग 1 2894	1–2
4.	धारा 44 की उपधारा (1) में समस्त संभागायुक्तों को उनकी अपनी–अपनी अधिकारिता के भीतर पुनर्वासन और पुनर्व्यवसीापन आयुक्त के रूप में नियुक्त करती है	क. एफ 16–15–(10)–2014–सात–शा.2ए दिनांक 29 सितम्बर, 2014	3 अक्टूबर, 2014 भाग 1 2894	2

5.	प्रथम अनुसूची के अनुकमांक 2 के कालम 3 सहपठित धारा 30 की उपधारा (2) में ग्रामीण क्षेत्रों की दशा में, वह कारक जिसके द्वारा बाजार मूल्य गुणित किया जाएगा, 1.00 (एक) होगा	क. एफ 16–15–(9)–2014–सात–शा.2ए दिनांक 29 सितम्बर, 2014	3 अक्टूबर, 2014 भाग 1 2894	2–3
6.	धारा 43 की उपधारा (1) द्वारा कलेक्टर कार्यालय की भू–अर्जन शाखा के प्रभारी अधिकारी को, जो डिप्टी कलेक्टर से अनिम्न श्रेणी का होगा, उन जिलों में, जहां किसी परियोजना के लिये भू–अर्जन के कारण व्यक्तियों के गैर–स्वैच्छिक विस्थापन की संभावना है, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन प्रशासक के रूप में नियुक्त करती है	क. एफ 16–15–(8)–2014–सात–शा.2ए दिनांक 29 सितम्बर, 2014	3 अक्टूबर, 2014 भाग 1 2895	3
7.	धारा 12 द्वारा कलेक्टर कार्यालय की भू–अर्जन शाखा के प्रभारी अधिकारी को, जो डिप्टी कलेक्टर से अनिम्न श्रेणी का होगा और उसके सेवकों, कर्मकारों या उसके निर्देशों के अधीन कार्य करने वाले किसी अन्य व्यक्ति को उस जिले के भीतर उपबंधों को कियान्वित करने के लिए प्राधिकृत करती है	क. एफ 16–15–(7)–2014–सात–शा.2ए दिनांक 29 सितम्बर, 2014	3 अक्टूबर, 2014 भाग 1 2895	3–4
8.	धारा 10 की उपधारा (4) द्वारा किसी जिले में अर्जित की गई सिंचित बहुफसली भूमि का क्षेत्र कुल मिलाकर, किसी भी दशा में, किसी कृषिक वर्ष में, उस जिले में विगत दस कृषिक वर्षों के दौरान उच्चतम शुद्ध बोए गये क्षेत्र के पचास प्रतिशत से अधिक नहीं होगा	क. एफ 16–15–(6)–2014–सात–शा.2ए दिनांक 29 सितम्बर, 2014	3 अक्टूबर, 2014 भाग 1 2896	4
9.	धारा 10 की उपधारा (2)द्वारा किसी जिले में समस्त परियोजनाओं के लिए अर्जित की गई सिंचित बहुफसली भूमि का क्षेत्र कुल मिलाकर, किसी भी दशा में, किसी कृषिक वर्ष में, उस जिले में विगत दस कृषिक वर्षों के दौरान ऐसे क्षेत्र के उच्चतम से अधिक नहीं होगा	क. एफ 16–15–(5)–2014–सात–शा.2ए दिनांक 29 सितम्बर, 2014	3 अक्टूबर, 2014 भाग 1 2896	4
10.	धारा 7 की उपधारा (1) द्वारा सामाजिक समाघात निर्धारण रिपोर्ट का मूल्यांकन करने के लिए, कलेक्टरों को उनके अपने–अपने जिले के भीतर प्रत्येक परियोजना के संबंध मं एक सात सदस्यीय पृथक विशेष समूह गठित करने हेतु प्राधिकृत करती है	क. एफ 16–15–(4)–2014–सात–शा.2ए दिनांक 29 सितम्बर, 2014	3 अक्टूबर, 2014 भाग 1 2897	5
11.	धारा 51 की उपधारा (1) एवं (2) के साथ पठित धारा 64 द्वारा समस्त वर्तमान जिला न्यायाधीशों (पदेन) को उनकी अपनी–अपनी क्षेत्रीय अधिकारिता के भीतर प्राधिकरण का पीठासीन अधिकारी अधिसूचित करती है	क. एफ 12–2–2014–सात–शा.2ए दिनांक 8 सितम्बर, 2016	9 सितम्बर, 2016 भाग 1 3418	8

भूमि अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 अंतर्गत समय–समय पर बनाये गये नियम/संशोधन

कमांक	विषय	राजस्व विभाग का कमांक	राजपत्र दिनांक पृष्ठ कमांक	पृष्ठ कमांक
1.	भूमि अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 अंतर्गत धारा 112 के नियम	एफ 12–2/2014/सात/2ए दिनांक 3 सितम्बर, 2015	4 सितम्बर, 2015 भाग 4(ग) 537 से 560	9–32
2.	भूमि अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 अंतर्गत धारा 112 के संशोधन नियम	एफ 12–2/2014/सात/2ए दिनांक 20 अक्टूबर, 2016	21 अक्टूबर, 2016 भाग 4(ग) 1096 से 1098	33–35

भूमि अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 अंतर्गत समय–समय पर जारी परिपत्र

कमांक	विषय/संक्षिप्त विवरण	विभागीय कमांक	पृष्ठ कमांक
1.	राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण से संबंधित भूमि अर्जन प्रकरणों में प्रशासनिक व्यय के संबंध में।	कमांक एफ. 16–04/2018/सात/शा.2 दिनांक 01 दिसम्बर, 2018	36
2.	भूमि अधिनियम, 1894 एवं भूमि अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 के अंतर्गत अपेक्षक निकाय यथा विभिन्न विभागों, उपकमों एवं कंपनियों आदि के लिये भूमि अर्जन के मामलों में प्रतिकर की अनुमानित राशि जमा कराने संबंधी निर्देश।	कमांक एफ. 16–52/2018/सात/शा.2 दिनांक 22 मार्च, 2019	37–39
3.	भूमि अधिनियम, 1894 एवं भूमि अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 के तहत भू–अर्जन प्रकरणों में प्रशासनिक व्यय की वसूली, बैंकों में जमा भू–अर्जन की राशि को जिला कोषालय के पी.डी. खाते में जमा करने बाबत।	कमांक एफ. 16–52/2018/सात/शा.2 दिनांक 22 मार्च, 2019	40–41
3.	प्रदेश में अति उच्चदाब पारेषण लाईन बिछाने के कारण निजी भूमिस्वामियों को देय प्रतिपूर्ति राशि के निर्धारण के संबंध में।	कमांक एफ. 16–13/2017/सात/शा.2 दिनांक 01 अप्रैल, 2019	42–43

राज्य शासन के आदेश

राजस्व विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 29 सितम्बर 2014

क्र. एफ 16-15-(1)-2014-सात-शा. 2ए.—भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 (2013 का 30) की धारा 3 के खण्ड (ङ) के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा, यह अधिसूचित करती है कि किसी जिले में, दस हजार हेक्टर से अनधिक किसी क्षेत्र के लिए, किसी लोक प्रयोजन के संबंध में, इस अधिनियम के प्रयोजन हेतु कलक्टर को समुचित सरकार समझा जाएगा.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अरुण तिवारी, प्रमुख सचिव.

भोपाल, दिनांक 29 सितम्बर 2014

क्र. एफ 16-15-(1)-2014-सात-शा. 2ए.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में, इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ 16-15-(1)-2014-सात-शा. 2ए, दिनांक 29 सितम्बर 2014 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अरुण तिवारी, प्रमुख सचिव.

Bhopal, the 29th September 2014

No. F 16-15(1)-2014-VII-Sec. 2A.—In exercise of the powers conferred by the proviso to clause (e) of Section 3 of the Right to Fair Compensation and Transparency in Land Acquisition, Rehabilitation and Resettlement Act, 2013 (No. 30 of 2013), the State Government, hereby, notifies that the Collector shall be deemed to be the appropriate Government for the purpose of this Act, in respect of a public purpose in a district for an area not exceeding ten thousand hectares.

By order and in the name of the Governor of
Madhya Pradesh,
ARUN TIWARI, Principal Secy.

भोपाल, दिनांक 29 सितम्बर 2014

क्र. एफ 16-15-(2)-2014-सात-शा. 2ए.—भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 (2013 का 30) की धारा 3 के खण्ड (झ) के उपखण्ड (vi) (अ) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा, यह विनिर्दिष्ट करती है कि भूमि के अर्जन के लिए प्रतिकर की लागत का पांच प्रतिशत प्रशासनिक व्यय के रूप में प्रभारित किया जाएगा.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अरुण तिवारी, प्रमुख सचिव.

भोपाल, दिनांक 29 सितम्बर 2014

क्र. एफ 16-15-(2)-2014-सात-शा. 2ए.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में, इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ 16-15-(2)-2014-सात-शा. 2ए, दिनांक 29 सितम्बर 2014 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अरुण तिवारी, प्रमुख सचिव.

Bhopal, the 29th September 2014

No. F 16-15(2)-2014-VII-Sec. 2A.—In exercise of the powers conferred by sub-clause (vi) (A) of clause (i) of Section 3 of the Right to Fair Compensation and Transparency in Land Acquisition, Rehabilitation and Resettlement Act, 2013 (No. 30 of 2013), the State Government, hereby, specifies that five percent of the cost of compensation shall be charged as administrative cost for acquisition of the land.

By order and in the name of the Governor of
Madhya Pradesh,
ARUN TIWARI, Principal Secy.

भोपाल, दिनांक 29 सितम्बर 2014

क्र. एफ 16-15-(3)-2014-सात-शा. 2ए.—भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का

अधिकार अधिनियम, 2013 (2013 का 30) की धारा 3 के खण्ड (थ) के उपखण्ड (दो) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा, यह विनिर्दिष्ट करती है कि शब्द "भूमिहीन" का वही अर्थ होगा जो कि मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता, 1959 (क्रमांक 20, सन् 1959) की धारा 2 की उपधारा (1) के खंड (ठ) में उसके लिए समनुदेशित है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अरुण तिवारी, प्रमुख सचिव.

भोपाल, दिनांक 29 सितम्बर 2014

क्र. एफ 16-15-(3)-2014-सात-शा. 2ए.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में, इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ 16-15-(3)-2014-सात-शा. 2ए, दिनांक 29 सितम्बर 2014 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अरुण तिवारी, प्रमुख सचिव.

Bhopal, the 29th September 2014

No. F 16-15(3)-2014-VII-Sec. 2A.—In exercise of the powers conferred by sub-clause (ii) of clause (q) of Section 3 of the Right to Fair Compensation and Transparency in Land Acquisition, Rehabilitation and Resettlement Act, 2013 (No. 30 of 2013), the State Government, hereby, specifies that the "landless" shall have the same meaning as assigned to it in clause (l) of sub-section (1) of Section 2 of the Madhya Pradesh Land Revenue Code, 1959 (No. 20 of 1959).

By order and in the name of the Governor of
Madhya Pradesh,
ARUN TIWARI, Principal Secy.

भोपाल, दिनांक 29 सितम्बर 2014

क्र. एफ 16-15-(10)-2014-सात-शा. 2ए.--भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 (2013 का 30) की धारा 44 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा, समस्त संभागायुक्तों को उनकी अपनी-अपनी अधिकारिता के भीतर पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन आयुक्त के रूप में नियुक्त करती है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अरुण तिवारी, प्रमुख सचिव.

भोपाल, दिनांक 29 सितम्बर 2014

क्र. एफ 16-15-(10)-2014-सात-शा. 2ए.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में, इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ 16-15-(10)-2014-सात-शा. 2ए, दिनांक 29 सितम्बर 2014 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अरुण तिवारी, प्रमुख सचिव.

Bhopal, the 29th September 2014

No. F 16-15(10)-2014-VII-Sec. 2A.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of Section 44 of the Right to Fair Compensation and Transparency in Land Acquisition, Rehabilitation and Resettlement Act, 2013 (No. 30 of 2013), the State Government, hereby, appoints all Divisional Commissioners as the Commissioner for Rehabilitation and Resettlement within their respective jurisdictions.

By order and in the name of the Governor of
Madhya Pradesh,
ARUN TIWARI, Principal Secy.

भोपाल, दिनांक 29 सितम्बर 2014

क्र. एफ 16-15-(9)-2014-सात-शा. 2ए.—भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 (2013 का 30) की प्रथम अनुसूची के अनुक्रमांक 2 के कालम 3 सहपठित धारा 30 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा, यह अधिसूचित करती है कि ग्रामीण क्षेत्रों की दशा में, वह कारक जिसके द्वारा बाजार मूल्य गुणित किया जाएगा, 1.00 (एक) होगा.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अरुण तिवारी, प्रमुख सचिव.

भोपाल, दिनांक 29 सितम्बर 2014

क्र. एफ 16-15-(9)-2014-सात-शा. 2ए.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में, इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ 16-15-(9)-2014-सात-शा. 2ए, दिनांक 29 सितम्बर 2014 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अरुण तिवारी, प्रमुख सचिव.

Bhopal, the 29th September 2014

No. F 16-15(9)-2014-VII-Sec. 2A.—In exercise of the powers conferred by column no. 3 of serial no. 2 of the First Schedule read with sub-section (2) of Section 30 of the Right to Fair Compensation and Transparency in Land Acquisition, Rehabilitation and Resettlement Act, 2013 (No. 30 of 2013), the State Government, hereby, notifies that in case of rural areas, the factor by which the market value is to be multiplied shall be 1.00 (one).

By order and in the name of the Governor of
Madhya Pradesh,
ARUN TIWARI, Principal Secy.

भोपाल, दिनांक 29 सितम्बर 2014

क्र. एफ 16-15-(8)-2014-सात-शा. 2ए.—भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 (2013 का 30) की धारा 43 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा, कलक्टर कार्यालय की भू-अर्जन शाखा के प्रभारी अधिकारी को, जो डिप्टी कलेक्टर से अनिम्न श्रेणी का होगा, उन जिलों में, जहां किसी परियोजना की बाबत्, भू-अर्जन के कारण व्यक्तियों के गैर-स्वैच्छिक विस्थापन की संभावना है, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन प्रशासक के रूप में नियुक्त करती है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अरुण तिवारी, प्रमुख सचिव.

भोपाल, दिनांक 29 सितम्बर 2014

क्र. एफ 16-15-(8)-2014-सात-शा. 2ए.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में, इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ 16-15-(8)-2014-सात-शा. 2ए, दिनांक 29 सितम्बर 2014 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अरुण तिवारी, प्रमुख सचिव.

Bhopal, the 29th September 2014

No. F 16-15(8)-2014-VII-Sec. 2A.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of Section 43 of the Right to Fair Compensation and Transparency in Land Acquisition, Rehabilitation and Resettlement Act, 2013 (No. 30 of 2013), the State Government, hereby, appoints the Officer-in-Charge of Land Acquisition Section of the office of the Collector, not below the rank of Deputy Collector as Administrator for Rehabilitation and Resettlement, if there is likely to be involuntary displacement of persons due to acquisition of land in respect of any project within the district.

By order and in the name of the Governor of
Madhya Pradesh,
ARUN TIWARI, Principal Secy.

भोपाल, दिनांक 29 सितम्बर 2014

क्र. एफ 16-15-(7)-2014-सात-शा. 2ए.—भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 (2013 का 30) की धारा 12 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा, प्रत्येक जिले में कलक्टर कार्यालय की भू-अर्जन शाखा के प्रभारी अधिकारी को, जो डिप्टी कलक्टर से अनिम्न श्रेणी का होगा और उसके सेवकों, कर्मकारों या उसके निर्देशों के अधीन कार्य करने वाले किसी अन्य व्यक्ति को उस जिले के भीतर अधिनियम की धारा 12 के उपबंधों को क्रियान्वित करने के लिए प्राधिकृत करती है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अरुण तिवारी, प्रमुख सचिव.

भोपाल, दिनांक 29 सितम्बर 2014

क्र. एफ 16-15-(7)-2014-सात-शा. 2ए.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में, इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ 16-15-(7)-2014-सात-शा. 2ए, दिनांक 29 सितम्बर 2014 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अरुण तिवारी, प्रमुख सचिव.

Bhopal, the 29th September 2014

No. F 16-15-(7)-2014-VII-Sec. 2A.—In exercise of the powers conferred by Section 12 of the Right to Fair Compensation and Transparency in Land Acquisition, Rehabilitation and Resettlement Act, 2013

(No. 30 of 2013), the State Government, hereby, authorizes in each district, the Officer-in-Charge of Land Acquisition Section of the office of the Collector, not below the rank of Deputy Collector and his servants, workmen or any other person working under his direction, to carry into effect the provisions of Section 12 of the Act, within that district.

By order and in the name of the Governor of
Madhya Pradesh,
ARUN TIWARI, Principal Secy.

भोपाल, दिनांक 29 सितम्बर 2014

क्र. एफ 16-15-(6)-2014-सात-शा. 2ए.—भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 (2013 का 30) की धारा 10 की उपधारा (4) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा, यह अधिसूचित करती है कि किसी जिले में अर्जित की गई सिंचित बहुफसली भूमि का क्षेत्र कुल मिलाकर, किसी भी दशा में, किसी कृषिक वर्ष में, उस जिले में विगत दस कृषिक वर्षों के दौरान उच्चतम शुद्ध बोए गए क्षेत्र के पचास प्रतिशत से अधिक नहीं होगा.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अरुण तिवारी, प्रमुख सचिव.

भोपाल, दिनांक 29 सितम्बर 2014

क्र. एफ 16-15-(6)-2014-सात-शा. 2ए.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में, इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ 16-15-(6)-2014-सात-शा. 2ए, दिनांक 29 सितम्बर 2014 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अरुण तिवारी, प्रमुख सचिव.

Bhopal, the 29th September 2014

No. F 16-15-(6)-2014-VII-Sec. 2A.—In exercise of the powers conferred by sub-section (4) of Section 10 of the Right to Fair Compensation and Transparency in Land Acquisition, Rehabilitation and Resettlement Act, 2013 (No. 30 of 2013), the State Government, hereby, notifies that the area of agricultural land, in aggregate acquired for all projects in a district, shall in no case, exceed fifty per cent of the highest net sown area in a agricultural year during last ten years in that District.

By order and in the name of the Governor of
Madhya Pradesh,
ARUN TIWARI, Principal Secy.

भोपाल, दिनांक 29 सितम्बर 2014

क्र. एफ 16-15-(5)-2014-सात-शा. 2ए.—भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 (2013 का 30) की धारा 10 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा, यह अधिसूचित करती है कि किसी जिले में समस्त परियोजनाओं के लिये अर्जित की गई सिंचित बहुफसली भूमि का क्षेत्र कुल मिलाकर, किसी भी दशा में, किसी कृषिक वर्ष में, उस जिले में विगत दस कृषिक वर्षों के दौरान ऐसे क्षेत्र के उच्चतम से अधिक नहीं होगा.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अरुण तिवारी, प्रमुख सचिव.

भोपाल, दिनांक 29 सितम्बर 2014

क्र. एफ 16-15-(5)-2014-सात-शा. 2ए.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में, इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ 16-15-(5)-2014-सात-शा. 2ए, दिनांक 29 सितम्बर 2014 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अरुण तिवारी, प्रमुख सचिव.

Bhopal, the 29th September 2014

No. F 16-15-(5)-2014-VII-Sec. 2A.—In exercise of the powers conferred by sub-section (2) of Section 10 of the Right to Fair Compensation and Transparency in Land Acquisition, Rehabilitation and Resettlement Act, 2013 (No. 30 of 2013), the State Government, hereby, notifies that the area of irrigated multi-cropped land, and aggregate acquired for all projects in a district, shall in no case, exceed the highest of such area in a agricultural year during last ten years in that District.

By order and in the name of the Governor of
Madhya Pradesh,
ARUN TIWARI, Principal Secy.

भोपाल, दिनांक 29 सितम्बर 2014

क्र. एफ 16-15-(4)-2014-सात-शा. 2ए.—भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 (2013 का 30) की धारा 7 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा, सामाजिक समाघात निर्धारण रिपोर्ट का मूल्यांकन करने के लिए कलेक्टरों को उनके अपने-अपने जिले के भीतर प्रत्येक परियोजना के संबंध में एक सात सदस्यीय पृथक् विशेषज्ञ समूह गठित करने हेतु प्राधिकृत करती है;

(1) प्रत्येक विशेषज्ञ समूह में निम्नलिखित सदस्य होंगे :—

(क) कलक्टर द्वारा नामनिर्दिष्ट दो अशासकीय सामाजिक विज्ञानी ;

(ख) प्रभावित क्षेत्र में की ग्राम पंचायत, नगरपालिका या नगरपालिक निगम से कलेक्टर द्वारा नामनिर्दिष्ट दो प्रतिनिधि, जिनमें से एक महिला होगी ;

(ग) कलक्टर द्वारा नामनिर्दिष्ट दो पुनर्व्यवस्थापन विशेषज्ञ ; तथा

(घ) अपेक्षक निकाय के परामर्श से कलक्टर द्वारा नामनिर्दिष्ट, परियोजना से संबंधित विषय में एक तकनीकी विशेषज्ञ.

(2) कलक्टर, विशेषज्ञ समूह के सदस्यों में से किसी व्यक्ति को समूह के अध्यक्ष के रूप में नामनिर्दिष्ट करेगा.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अरुण तिवारी, प्रमुख सचिव.

भोपाल, दिनांक 29 सितम्बर 2014

क्र. एफ 16-15-(4)-2014-सात-शा. 2ए.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में, इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ 16-15-(4)-2014-सात-शा. 2ए, दिनांक 29 सितम्बर 2014 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अरुण तिवारी, प्रमुख सचिव.

Bhopal, the 29th September 2014

No. F 16-15-(4)-2014-VII-Sec. 2A.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of Section 7 of the Right to Fair Compensation and Transparency in Land Acquisition, Rehabilitation and Resettlement Act, 2013 (No. 30 of 2013), the State Government, hereby, authorises, the Collectors for constituting an Expert Group separately in respect of each project, having seven members, within their respective Districts for evaluating the Social Impact Assessment report;

(1) Each Expert Group shall consist of the following members :—

(a) two non official social scientists nominated by the Collector ;

(b) two representatives, one shall be a woman amongst them, of Gram Panchayat, Municipality or Municipal Corporation nominated by the Collector from the affected area ;

(c) two experts on rehabilitation nominated by the Collector ; and

(d) a technical expert in the subject relating to the project nominated by the Collector in consultation with the requiring body.

(2) The Collector shall nominate a person from amongs the members of the expert group as a chairperson of the group.

By order and in the name of the Governor of
Madhya Pradesh,
ARUN TIWARI, Principal Secy.

भोपाल, दिनांक 30 सितम्बर 2014

क्र. एफ 1-8-2013-सात-शा. 6.—मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता, 1959 (क्रमांक 20, सन् 1959) की धारा 13 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा, इस आदेश के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से भिण्ड जिले की तहसील गोहद की सीमाएं, उसमें से राजस्व वृत्त देहगांव के पटवारी हल्का क्रमांक 61 से 92 (32 पटवारी हल्के) को अपवर्जित करते हुए परिवर्तित करती है तथा राजस्व वृत्त देहगांव के पटवारी हल्के क्रमांक 61 से 92 (32 पटवारी हल्के) को समाविष्ट करते हुए नवीन तहसील मौ का सृजन करती है, जिसमें कुल 32 पटवारी हल्के तथा 84 ग्राम होंगे. उक्त तहसील का मुख्यालय मौ में होगा.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अरुण तिवारी, प्रमुख सचिव.

भोपाल, दिनांक 30 सितम्बर 2014

क्र. एफ 1-8-2013-सात-शा. 6.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में, इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ 1-8-2013-सात-शा. 6., दिनांक 30 सितम्बर 2014 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अरुण तिवारी, प्रमुख सचिव.

Bhopal, the 30th September 2014

No. F 1-8-2013-VII-6.—In exercise of the powers conferred by sub-section (2) of Section 13 of the Madhya Pradesh Land Revenue Code, 1959 (No. 20 of 1959), the State Government, hereby, alter the limits of Tehsil **Gohad** of District **Bhind** from the date of publication of this order in the official Gazette by excluding therefrom Patwari Halkas No. 61 to 92 (32 Patwari Halkas) of Revenue Circle **Dehgaon** and create a new tehsil **Mau** by comprising of Patwari Halkas No. 61 to 92 (32 Patwari Halkas) of Revenue Circle **Dehgaon** in which the total Patwari Halkas shall be 32 village shall be 84. The headquarter of the said Tehsil shall be at **Mau**.

By order and in the name of the Governor of
Madhya Pradesh,
ARUN TIWARI, Principal Secy.

भोपाल, दिनांक 30 सितम्बर 2014

क्र. एफ 1-6-2013-सात-शा. 6.—मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता, 1959 (क्रमांक 20, सन् 1959) की धारा 13 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा, इस आदेश के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से ग्वालियर जिले की तहसील ग्वालियर की सीमाएं, उसमें से, राजस्व वृत्त रेहट के पटवारी हल्का क्रमांक 1 से 07 (7 पटवारी हल्के), राजस्व वृत्त मोहना के पटवारी हल्का क्रमांक 8 से 14 (7 पटवारी हल्के), राजस्व वृत्त घाटीगांव के पटवारी हल्का क्रमांक 15 से 22 (8 पटवारी हल्के), राजस्व वृत्त बरई के पटवारी हल्का क्रमांक 23 से 31 (9 पटवारी हल्के) को अपवर्जित करते हुए परिवर्तित करती है तथा राजस्व वृत्त रेहट के पटवारी हल्का क्रमांक 1 से 7 (7 पटवारी हल्के), राजस्व वृत्त मोहना के पटवारी हल्का क्रमांक 8 से 14 (7 पटवारी हल्के), राजस्व वृत्त घाटीगांव के पटवारी हल्का क्रमांक 15 से 22 (8 पटवारी हल्के) तथा राजस्व वृत्त बरई के पटवारी हल्का क्रमांक 23 से 31 (9 पटवारी हल्के) को समाविष्ट करते हुए एक नई तहसील घाटीगांव का सृजन करती है, जिसमें कुल 31 पटवारी हल्के तथा 95 ग्राम होंगे. उक्त तहसील का मुख्यालय घाटीगांव में होगा.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अरुण तिवारी, प्रमुख सचिव.

भोपाल, दिनांक 30 सितम्बर 2014

क्र. एफ 1-6-2013-सात-शा. 6.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में, इस विभाग की अधिसूचना क्र. एफ 1-6-2013-सात-शा. 6, दिनांक 30 सितम्बर 2014 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अरुण तिवारी, प्रमुख सचिव.

Bhopal, the 30th September 2014

No. F 1-6-2013-VII-6.—In exercise of the powers conferred by sub-section (2) of Section 13 of the Madhya Pradesh Land Revenue Code, 1959 (No. 20 of 1959), the State Government, hereby, alter the limits of Tehsil **Gwalior** of District **Gwalior** from the date of publication of this order in the official Gazette by excluding therefrom Patwari Halkas No. 01 to 07 (07 Patwari halkas) of Revenue Circle Rehat, Patwari Halkas No. 8 to 14 (7 Patwari Halkas) of Revenue Circle Mohana, Patwari Halkas No. 15 to 22 (8 Patwari Halkas) of Revenue Circle Ghatigaon and Patwari Halkas No. 23 to 31 (9 Patwari Halkas) of Revenue Circle Barai and create a new tehsil Ghatigaon by comprising of Patwari Halkas No. 1 to 7 (7 Patwari Halkas) of Revenue Circle Rehat, Patwari Halkas No. 8 to 14 (7 Patwari Halkas) of Revenue Circle Mohana, Patwari Halkas No. 15 to 22 (8 Patwari Halkas) of Revenue Circle Ghatigaon and Patwari Halkas No. 22 to 31 (9 Patwari Halkas) of Revenue Circle Barai in which the total Patwari Halkas shall be 31 and village shall be 95. The headquarter of the said Tehsil shall be at Ghatigaon.

By order and in the name of the Governor of
Madhya Pradesh,
ARUN TIWARI, Principal Secy.

राजस्व विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 20 मार्च 2019

क्र. एफ 16-52-2018-सात-शा.-2.—भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 (2013 का 30) की धारा 3 के खण्ड (झ) के उपखण्ड (vi) (अ) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए तथा इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ 16-15(2)2014-सात-शा.2ए, दिनांक 29 सितम्बर, 2014 जो कि मध्यप्रदेश राजपत्र भाग-1 में दिनांक 3 अक्टूबर, 2014 में प्रकाशित हुई, को अधिक्रमित करते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा विनिर्दिष्ट करती है कि भूमि के अर्जन के लिए निम्नानुसार प्रशासनिक व्यय प्रभारित किया जायेगा:—

क्र. (1)	अपेक्षक निकाय (2)	प्रशासनिक व्यय (3)
1	राज्य शासन और भारत सरकार के समस्त विभाग तथा भारत सरकार एवं राज्य सरकार के समस्त उपक्रम.	प्रतिकर की लागत का ढाई प्रतिशत
2	पूर्वोक्त से भिन्न	प्रतिकर की लागत का पांच प्रतिशत

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
मुजीबुर्रहमान खान, उपसचिव.

भोपाल, दिनांक 20 मार्च 2019

क्र. एफ 16-52-2018-सात-शा. 2.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में, इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ 16-52-2018-सात-शा. 2., दिनांक 20 मार्च 2019 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
मुजीबुर्रहमान खान, उपसचिव.

Bhopal, the 20th March 2019

No. F 16-52-2018-VII-Sec.2.—In exercise of the powers conferred by sub-clause (vi) (A) of clause (i) of Section 3 of the Right to fair Compensation and Transparency in Land Acquisition, Rehabilitaion and Resettlement Act, 2013 (No. 30 of 2013) and in supersession of this department's notification F 16-15(2)-2014-VII-Sec.2A, dated 29th September, 2014 published in Madhya Pradesh Gazette Part-1 on 3rd October, 2014, the State Government hereby specifies that the following Administrative cost shall be charged for acquisition of the land:—

S. No. (1)	Requiring body (2)	Amount charged as Administrative cost (3)
1	All departments of State Government and Government of India and all undertakings of the State Government and the Government of India.	Two and a half percent of the cost of Compensation.
2	Other than aforesaid	Five percent of the cost of Compensation.

By order and in the name of the Governor of Madhya Pradesh,
MUJEEBUR REHMAN KHAN, Dy. Secy.

राज्य शासन के आदेश

राजस्व विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 8 सितम्बर 2016

क्रमांक एफ 12-2-2014-सात-शाखा-2ए.—भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 (2013 का 30) की धारा 51 की उपधारा (1) एवं (2) के साथ पठित धारा 64 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा, समस्त वर्तमान जिला न्यायाधीशों (पदेन) को उनकी अपनी-अपनी क्षेत्रीय अधिकारिता के भीतर, उक्त अधिनियम द्वारा या उसके अधीन सौंपी गई अधिकारिता एवं शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकरण का पीठासीन अधिकारी अधिसूचित करती है तथा ये उक्त अधिनियम की धारा 64 के अधीन उन्हें किए गये निर्देशों या धारा 64 की उपधारा (1) के द्वितीय परंतुक के अधीन आवेदक द्वारा किये गए आवेदनों को ग्रहण करने तथा विनिश्चय करने की अधिकारिता का भी प्रयोग करेंगे.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
के. के. सिंह, प्रमुख सचिव.

भोपाल, दिनांक 8 सितम्बर 2016

क्रमांक एफ 12-2-2014-सात-शा.2ए.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में, भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 (2013 का 30) के अधीन जारी अधिसूचना का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
के. के. सिंह, प्रमुख सचिव.

Bhopal, the 8th September 2016

F-12-2-2014-VII-Sec.2A.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) and (2) of Section 51 read with Section 64 of the Right to Fair Compensation and Transparency in Land Acquisition, Rehabilitation and Resettlement Act, 2013 (No. 30 of 2013), the State Government, hereby, notifies all present District judges (ex-officio) as Presiding Officer for exercising the jurisdiction, powers and authority conferred on it by or under the said Act within their respective territorial jurisdiction and it shall also exercise jurisdiction for entertaining and deciding the references made to it under Section 64 or applications made by the applicant under second proviso to sub-section (1) of Section 64 of the said Act.

By order and in the name of the Governor of Madhya Pradesh,
K. K. SINGH, Principal Secy.

भाग ४ (ग)

अन्तिम नियम

वाणिज्यिक कर विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

शुद्धि-पत्र

भोपाल, दिनांक 26 अगस्त 2015

क्र. एफ ए 6-42-1995-1-पांच.—इस विभाग की अधिसूचना क्र. एफ ए 6-42-1995-1-पांच (54), दिनांक 17 दिसम्बर 2013 जो मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण) क्र. 559, दिनांक 17 दिसम्बर 2013 में प्रकाशित हुई है, की अनुसूची-एक के अनुक्रमांक 10 के कॉलम (3) में वरिष्ठ निज सहायक का "वेतनमान—9300-34800+ग्रेड पे 3200" अंकित है, के स्थान पर "वेतनमान—9300-34800+ग्रेड पे 4200" प्रकाशित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
रवीन्द्र कुमार चौधरी, उपसचिव.

राजस्व विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 3 सितम्बर 2015

एफ. 12–2/2014/सात/2ए.—

भूमि अर्जन, पुनर्वासन तथा पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 (क्रमांक 30 सन् 2013) की धारा 109 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा, निम्नलिखित नियम बनाती है जो उक्त अधिनियम की धारा 112 द्वारा अपेक्षित किए अनुसार पूर्व में प्रकाशित किए जा चुके हैं, अर्थात्:–

नियम

1. संक्षिप्त नाम, विस्तार और प्रारम्भ.– (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम मध्यप्रदेश भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार नियम, 2015 है।

(2) इनका विस्तार सम्पूर्ण मध्यप्रदेश राज्य पर है।

(3) ये मध्यप्रदेश राजपत्र में इनके प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होंगे।

2. परिभाषाएं.– (1) इन नियमों में जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,–

(क) 'अधिनियम' से अभिप्रेत है भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 (क्रमांक 30 सन् 2013);

(ख) 'प्ररूप' से अभिप्रेत हैं इन नियमों से अनुलग्न प्ररूप;

(ग) 'ग्रामीण क्षेत्र' से अभिप्रेत है नगरीय क्षेत्र से भिन्न क्षेत्र;

(घ) 'धारा' से अभिप्रेत है अधिनियम की धारा;

(ङ) 'नगरीय क्षेत्र' से अभिप्रेत है मध्यप्रदेश भू–राजस्व संहिता, 1959 (क्रमांक 20 सन् 1959) के अधीन नगरीय क्षेत्र के रूप में परिभाषित क्षेत्र।

(2) इन नियमों में प्रयुक्त किन्तु परिभाषित नहीं किए शब्दों तथा अभिव्यक्तियों का वही अर्थ होगा जो कि अधिनियम में उनके लिए दिया गया है।

3. सामाजिक समाघात निर्धारण दल का चयन.– (1) कलक्टर, प्रत्येक परियोजना के लिए सरकारी पदधारियों/या सामाजिक समाघात निर्धारण में स्रोत, भागीदारों और व्यवसाईयों की योग्य संस्थाओं में से सामाजिक समाघात निर्धारण दल (एस आई ए) का गठन करेगा और जहां वह आवश्यक समझता है, उन्हें दल की सहायता के लिए भी नियुक्त किया जा सकेगा, दल का प्रमुख डिप्टी कलक्टर की पद श्रेणी से निम्न पदश्रेणी का नहीं होगा, किन्तु वह कलक्टर के कार्यालय की भू–अर्जन शाखा का प्रभारी नहीं होगा।

(2) कलक्टर, अध्ययन की प्रकिया के दौरान दल के किसी भी सदस्य को बदल सकेगा।

(3) यदि किसी भी प्रकम पर यह पाया जाता है कि दल का कोई सदस्य या दल के सदस्य के परिवार का कोई सदस्य अपेक्षक निकाय या परियोजना के अन्य पणधारी से प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से कोई लाभ प्राप्त करता है तो उक्त सदस्य अयोग्य हो जाएगा।

4. सामाजिक समाघात निर्धारण के लिए अधिसूचना.– कलक्टर, सामाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन के कार्यान्वयन के लिए अधिनियम की धारा 4 के अधीन इन नियमों में संलग्न प्ररूप–क में यथा उल्लिखित अधिसूचना जारी करेगा ।

5. सामाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन.– (1) सामाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन धारा 4 की उपधारा (1) के अनुसार संचालित किया जाएगा ।

(2) सामाजिक समाघात निर्धारण रिपोर्ट सरकार को इन नियमों से अनुलग्न प्ररूप–ख में, सामाजिक समाघात प्रबंध योजना प्ररूप–ग के साथ प्रस्तुत की जाएगी।

6. सामाजिक समाघात निर्धारण के लिए जन सुनवाई .– (1) जनसुनवाई, कलक्टर के विवेक पर एक या अधिक स्थानों पर आयोजित की जा सकेगी।

(2) सामाजिक समाघात प्रतिवेदन रिपोर्ट और सामाजिक समाघात प्रबंध योजना का प्रारूप प्रभावित क्षेत्र में हिन्दी में पुस्तिका रूप में परिचालित किया जाएगा और यथास्थिति पंचायत, नगर पालिका या नगर पालिक निगम तथा जिला कलक्टर के कार्यालयों में भी उपलब्ध कराया जाएगा । सामाजिक समाघात निर्धारण रिपोर्ट और सामाजिक समाघात प्रबंध योजना के प्रारूप की एक प्रति अपेक्षक निकाय को भी उपलब्ध कराई जाएगी ।

(3) जन सुनवाई के पश्चात् सामाजिक समाघात निर्धारण दल प्राप्त फीडबैक तथा जन सभाओं में एकत्रित जानकारी का विश्लेषण करेगा तथा सारांश को अपने विश्लेषण के साथ कलक्टर को प्रस्तुत की जाने वाली सामाजिक समाघात निर्धारण रिपोर्ट में समाहित करेगा ।

(4) अनुसूचित क्षेत्रों में ग्राम सभाओं के साथ परामर्श, पंचायत उपबंध (अनुसूचित क्षेत्रों पर विस्तार) अधिनियम, 1996 (क्र. 40 सन् 1996) के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

7. सामाजिक समाघात निर्धारण रिपोर्ट का किसी विशेषज्ञ समूह द्वारा आंकलन.– अधिनियम की धारा 7 की उपधारा (1) के अधीन गठित विशेषज्ञ समूह सामाजिक समाघात निर्धारण रिपोर्ट का मूल्यांकन करेगा और अपने गठन की तारीख से दो माह के भीतर तदर्थक अपनी अनुशंसाएं देगा।

8. सामाजिक समाघात निर्धारण रिपोर्ट, सामाजिक समाघात प्रबंध योजना और विशेषज्ञ समूह की अनुशंसाओं का प्रकाशन.– सामाजिक समाघात निर्धारण रिपोर्ट, सामाजिक समाघात प्रबंध योजना और विशेषज्ञ समूह की अनुशंसाएं हिन्दी में तैयार कर संबंधित जिले की वेबसाइट में अपलोड करके प्रकाशित की जाएंगी और यथास्थिति, पंचायत, नगर पालिका, नगर पालिक निगम और कलक्टर, उपखंड मजिस्ट्रेटतथा तहसीलदार के कार्यालयों को उपलब्ध कराई जाएगी। ऐसे प्रकाशन की सूचना प्रभावित क्षेत्र में परिचालित दो दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित की जाएगी और प्रभावित क्षेत्र में किन्हीं दृश्यमान स्थलों पर चस्पा की जाएगी।

9. पूर्व सहमति अभिप्राप्त करना.— धारा 2 की उपधारा (2) के अधीन यथा अपेक्षित प्रभावित परिवारों की पूर्व सहमति अभिप्राप्त करने के प्रयोजन के लिए,—

(क) कलक्टर प्ररूप—घ में सूचना जारी करेगा;

(ख) सूचना, यथास्थिति, ग्रामीण क्षेत्रों के लिए ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत और जिला पंचायत के सूचना पटल पर या नगरीय क्षेत्रों के लिए नगर पालिका या नगर पालिक निगम के सूचना पटल पर तथा कलक्टर कार्यालय के सूचना पटल पर भी प्रदर्शित की जाएगी।

(ग) सहमति या असहमति प्ररूप—ङ में सूचित की जाएगी।

(घ) सहमति या अन्यथा की प्रस्तुति के लिए नियत समय के अवसान के बाद, कलक्टर अधिनियम की धारा 2 की उपधारा (2) के अधीन अपेक्षित सहमति प्राप्त हुई या नहीं, के संबंध में अपना निष्कर्ष अभिलिखित करेगा।

10. प्रशासक की शक्ति, कर्तव्य और दायित्व.— प्रशासक निम्नानुसार शक्तियों का प्रयोग और कर्तव्यों तथा दायित्वों का निर्वहन करेगा :—

(क) प्रभावित परिवारों की गणना और सर्वेक्षण का संचालन करना;

(ख) पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन स्कीम का प्रारूप तैयार करना;

(ग) नियम 9 में यथाविहित रीति में प्रारूप स्कीम को प्रकाशित करना;

(घ) प्रारूप स्कीम पर जन सुनवाई का आयोजन करना और संचालन करना;

(ङ) प्रारूप स्कीम पर सुझाव और टिप्पणी देने के लिए अपेक्षक निकाय को अवसर प्रदान करना;

(च) यथोचित रूप से उपांतरित प्रारूप स्कीम को अनुमोदन के लिए कलक्टर को प्रस्तुत करना;

(छ) प्रभावित क्षेत्र में अनुमोदित पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन स्कीम प्रकाशित करना;

(ज) पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन अधिनिर्णय तैयार करने में कलक्टर की सहायता और सहयोग करना;

(झ) पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन के कार्यान्वयन को मानीटर करना और उसका पर्यवेक्षण करना;

(ञ) पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन के कार्यान्वयन उपरांत अंकेक्षण (पोस्ट इम्प्लीमेंटेशन ऑडिट) में सहयोग करना; और

(13)

(ट) पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन के लिए कोई अन्य कार्य करना जिसका कि किया जाना अपेक्षित हो या जो कलक्टर द्वारा उसे सौंपे जाएं ।

11. प्रभावित परिवारों का सर्वेक्षण तथा जनगणना.– (1) प्रशासक, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन अधिनियम की धारा 16 की उपधारा (1) के अधीन या तो अपने स्वयं के कर्मचारिवृंद के द्वारा या किसी अन्य अभिकरण को बाह्यस्रोतों के माध्यम से प्रभावित परिवारों का सर्वेक्षण करवाएगा या जनगणना का जिम्मा लेगा । सर्वेक्षण और जनगणना का कार्य सामाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन रिपोर्ट और शासकीय अभिलेखों से संग्रहीत आंकड़ों के माध्यम से कराया जाएगा और आंकड़ों का सत्यापन आवश्यकतानुसार मैदानी सर्वेक्षण के दौरान किया जाएगा ।

(2) जहां विनिर्दिष्ट पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन चुनने का विकल्प उपलब्ध है वहां प्रभावित परिवार की सहमति परिवार के मुखिया से लिखित एवं हस्ताक्षरित कथन के रूप में सर्वेक्षण के दौरान अभिप्राप्त की जाएगी।

(3) यह कार्य प्रारम्भिक अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से जहां तक व्यावहारिक हो, तीस दिवस की अवधि के भीतर पूर्ण किया जाएगा। कलक्टर ऐसी अवधि जितनी वह ठीक समझे, बढ़ा सकेगा।

12. पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन स्कीम का प्रारूप तैयार किया जाना.– (1) पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन प्रशासक सर्वेक्षण पूर्ण होने की तारीख से तीस दिवस की अवधि के भीतर पुनर्वासन एवं पुनर्व्यस्थापन स्कीम का प्रारूप तैयार करेगा।

(2) जहां सहमति अंतर्ग्रस्त है, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यस्थापन की स्कीम का प्रारूप प्रभावित परिवारों और अपेक्षक निकाय के बीच तय की गई पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन की शर्तों और निबंधनों को विचार में लेते हुए तैयार किया जाएगा।

(3) प्रशासक द्वारा तैयार किए गये पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन स्कीम के प्रारूप में, धारा 16 की उपधारा (2) में उल्लेखित विशिष्टियों के अतिरिक्त, सभी निर्माण कार्यों जिसमें स्कीम के अधीन किया जाने वाला अधोसंरचना विकास सम्मिलित हैं, को पूर्ण करने के लिए समय सीमा उपदर्शित की जाएगी ।

13. प्रशासक द्वारा जन सुनवाई.– (1) प्रशासक धारा 16 की उपधारा (5) के अधीन जन सुनवाई के लिए स्थान, दिनांक एवं समय नियत करेगा।

(2) जन सुनवाई सभी ग्राम सभाओं में जहां भूमि के अर्जन द्वारा प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से प्रभावित सदस्य पच्चीस प्रतिशत से अधिक हैं, संचालित की जाएगी :

परन्तु अनुसूचित क्षेत्र में प्रत्येक ग्राम सभा में जन सुनवाई संचालित की जाएगी।

(3) जन सुनवाई की तारीख और स्थान पंद्रह दिन पूर्व लोक अधिसूचना द्वारा सभी प्रभावित ग्रामों/नगर पालिकाओं/नगर पालिक निगम के प्रभावित वार्ड में उद्घोषित एवं प्रचारित की जाएगी और ग्राम पंचायत या नगरीय निकाय के वार्ड प्रतिनिधियों को सीधे संसूचित की जाएगी तथा जिले की वेबसाइट पर जानकारी अपलोड की जाएगी।

14. अपेक्षक निकाय द्वारा निक्षेप जमा कराया जाना.– अपेक्षक निकाय द्वारा अर्जन के खर्चे की अनुमानित राशि की पचास प्रतिशत राशि कलक्टर के पास जमा की जाएगी। यदि अपेक्षक निकाय इसे जमा करने में विफल होता है तो अधिनियम की धारा 19 की उपधारा (2) के अंतर्गत कोई घोषणा नहीं की जाएगी :

परन्तु यदि अपेक्षक निकाय राज्य सरकार है तो अनुमानित राशि कलक्टर की मांग के अनुसार जमा की जाएगी।

15. आधिक्य राशि की वसूली.– जहां धारा 33 की उपधारा (1) के अधीन किए गये सुधार के परिणामस्वरूप यह सिद्ध होता है कि किसी व्यक्ति को अधिक राशि का भुगतान किया गया है, ऐसी भुगतान की गई आधिक्य राशि वापिस करने के दायित्वाधीन होगी और किसी व्यतिक्रम या भुगतान से इन्कार करने की दशा में ऐसी राशि भू–राजस्व के बकाया के तौर पर वसूल की जाएगी। ऐसी राशि की वसूली के लिए मध्यप्रदेश भू–राजस्व संहिता, 1959 (क्रमांक 20 सन् 1959) के अध्याय ग्यारह में यथाविहित प्रकिया और उसके अधीन बनाए गए नियमों का पालन किया जाएगा।

16. ग्राम सभा की पूर्व सहमति.– संविधान की पांचवी अनुसूची के अधीन अनुसूचित क्षेत्रों में, भूमि के अर्जन के सभी मामलों में संबंधित ग्राम सभा की पूर्व सहमति प्ररूप–च में अभिप्राप्त की जाएगी।

17 विकास योजना का स्वरूप.– अनुसूचित क्षेत्रों में अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति के परिवारों के अस्वेच्छिक विस्थापन के लिए विकास योजना धारा 41 की उपधारा (4) के अधीन तैयार की जाएगी।

18 मिथ्या दावा करके प्राप्त किए गये लाभों की वसूली.– यदि मिथ्या दावा करके या कपटपूर्ण साधन के माध्यम से कोई पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन लाभ प्राप्त किया जाता है तो यह वसूली के दायित्वाधीन होगा और उसके भुगतान से किसी इन्कार की दशा में यह भू–राजस्व के बकाया के तौर पर वसूल किया जाएगा । ऐसी राशि की वसूली के लिए मध्यप्रदेश भू–राजस्व संहिता, 1959 (क्रमांक 20 सन् 1959) के अध्याय ग्यारह में यथाविहित प्रकिया और उसके अधीन बनाए गए नियमों का पालन किया जाएगा।

(15)

प्ररूप–क

(नियम 4 देखिए)

राज्य सरकार, प्रभावित क्षेत्रों में ग्राम/वार्ड स्तर पर, यथास्थिति, संबंधित पंचायत/नगर पालिका/नगर पालिक निगम के परामर्श से निम्न भूमियों का अर्जन करना चाहती है और लोक प्रयोजन के लिए सामाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन करना चाहती है। अध्ययन का कार्य भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 (क्रमांक 30 सन् 2013) की धारा 4 के प्रावधानों के अनुसार किया जाएगा।

(1) परियोजना विकासक का नाम

(2) भूमि के प्रस्तावित अर्जन का प्रयोजन

(3) अध्ययन का कार्य हाथ में लेने वाले सामाजिक समाघात निर्धारण दल के विवरण

(4) भूमि के विवरण

(क) जिला

(ख) तहसील

(ग) ग्राम

(घ) कुल प्रभावित क्षेत्र

(ङ) अर्जित होने वाला क्षेत्र

(5) प्रस्तावित परियोजना का संक्षिप्त विवरण

(6) परियोजना क्षेत्र और प्रभावित क्षेत्र

(7) क्या ग्राम सभाओं और/या भूमिधारकों की सहमति अपेक्षित है

(8) सामाजिक समाघात निर्धारण पूर्ण किए जाने की तारीख

कलक्टर

जिला.....

प्ररूप–ख

(नियम 5 देखिए)

सामाजिक समाघात निर्धारण रिपोर्ट

1. परियोजना का नाम
2. लोक प्रयोजन
3. स्थल
4. परियोजना का क्षेत्र
5. विकल्प जिन पर विचार किया गया
6. परियोजना की पृष्ठ भूमि, विकासकर्ता की पृष्ठ भूमि नियंत्रण सहित
7. परियोजना निर्माण के चरण
8. परियोजना के प्रभावों को दर्शाने वाले क्षेत्र के नक्शे
9. परियोजना के लिए आवश्यक कुल भूमि
10. भूमि का मूल्य
11. प्रभावित परिवारों की संख्या (अधिनियम की धारा 3 के खंड (ग) के अनुसार)
12. परिसम्पत्तियां–

    लोक सम्पत्ति– भूमि ..... भवन.....अन्य

    निजी सम्पत्ति– भूमि ..... भवन.....अन्य
13. विस्थापित होने वाले संभावित परिवारों की संख्या

    जिनकी भूमि अर्जित हुई –

ग्राम/वार्ड	परिवारों की संख्या			
	अनुसूचित जाति	अनुसूचित जनजाति	अन्य	योग

    जिनके मकान अर्जित हुए –

ग्राम/वार्ड	परिवारों की संख्या			
	अनुसूचित जाति	अनुसूचित जनजाति	अन्य	योग

14. सामाजिक समाघात

    (क) समाघातों का विवरण

    (ख) समाघातों की संकेतक सूची
15. विकल्प जिन पर विचार किया गया

    (क) यदि हां – तो वर्तमान प्रस्ताव को अधिमान्यता क्यों दी गई?

    (ख) यदि नहीं – तो क्यों?
16. निष्कर्ष

(17)

प्ररूप–ग

(नियम 5 देखिए)

सामाजिक समाघात प्रबंध योजना

निम्नलिखित पर समाघातों के समाधान हेतु आवश्यक सुधारात्मक उपाय –

(1) प्रभावित परिवारों की जीविका

(2) लोक और सामुदायिक परिसम्पत्तियॉं

(3) आस्तियां और अधोसंरचना विशेषकर सड़कें, लोक परिवहन

(4) जल–मल निकासी एवं स्वच्छता

(5) पेयजल के स्रोत

(6) पशुओं के लिए जलस्रोत

(7) सामुदायिक तालाब

(8) जन सुविधाएं (जैसे– पोस्ट ऑफिस, उचित मूल्य दुकान, विद्युत आपूर्ति, स्वास्थ्य सुविधाएं, स्कूल, आंगनवाड़ी, बाल उद्यान और कब्रिस्तान एवं श्मशान)

(9) वे उपाय जिनके बारे में अपेक्षक निकाय का कथन है कि वह प्रस्तावित परियोजना में शामिल करेगा ।

(10) अतिरिक्त उपाय जिनके बारे में अपेक्षक निकाय का कथन है कि सामाजिक समाघात निर्धारण प्रकिया और जन सुनवाइयों के निष्कर्षों के प्रति उत्तर में उसका जिम्मा लेगा ।

प्ररूप–घ

(नियम 9 देखिए)

पूर्व सहमति प्राप्त करने के लिए प्ररूप

1. परियोजना का नाम
2. परियोजना का प्रयोजन
3. अनुमानित पूर्णता अवधि (महीनों में)
4. प्रभावित क्षेत्र का संक्षिप्त विवरण (ग्राम, ग्रामों की संख्या, वार्ड आदि)
5. परियोजना के लिए अपेक्षित अनुमानित भूमि
   (क) सरकारी भूमि,
      (एक) वन भूमि;
      (दो) गैर वन भूमि;
   (ख) निजी भूमि :
   (ग) निजी सम्पत्ति (भूमि से भिन्न)
   (घ) लोक सम्पत्ति (भूमि से भिन्न) :

6. प्रभावित परिवारों की संख्या (भूमि या अन्य स्थावर सम्पत्ति के धारक)
